हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 36 माह में 300 ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर ...



14 नालों की मेगा सफाई से बदलेगी शहर की सूरत



## तीर्थयात्रा योजना पर लगा ग्रहण छंटा, कांशी घूम आए 265 सीनियर सिटीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तीर्थयात्रा योजना पर लगा ग्रहण अब छट गया है। करीब 7 साल बाद एक बार फिर सीनियर सिटीजन्स को सरकारी खर्चे पर तीर्थ घुमाने की योजना शुरू कर दी गई है। 265 सीनियर सिटीजन्स का एक जत्था काशी और प्रयागराज घूमकर भी आ गया है। अब इस योजना के दूसरे जत्थे के लिए तैयारी की जा रही है।

प्रदेश में लंबे समय से सीनियर सिटीजन्स को तीर्थ घुमाने की योजना चल रही थी। इस दौरान पिछली भूपेश सरकार ने इस योजना का नाम बदलकर तीरथ बरत योजना कर दी। नाम बदलने के बाद एक दो जत्था ही इस योजना के तहत तीर्थ पर गया, उसके बाद से योजना बंद हो गई थी। इस योजना के तहत तीर्थ करने के लिए सैकड़ों सीनियर सिटीजन्स के आवेदन आए थे।

योजना के बंद होने के बाद उन आवेदनों को रद्दी में डाल दिया गया। अब प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के नाम से यह योजना फिर से शुरू कर दी गई है। इस योजना के तहत 265 सीनियर सिटीजन्स का एक जत्था काशी और प्रयागराज घूमकर भी आ गया है। अब इस योजना के तहत दूसरे जत्थे को तीर्थ पर भेजने की तैयारी की जा रही है।

### आर्थिक तंगी से नहीं रूकेगी धार्मिक यात्रा, सरकारी खर्चे पर होगा तीर्थ

#### हर वर्ग के लिए अलग उम्र सीमा

इस योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत अधिक से अधिक बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने का लक्ष्य रखा है। तीर्थ यात्रा के इस चरण में विशेष रूप से उन लोगों को प्राथमिकता दी गई है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपने खर्चे पर यात्रा करने में असमर्थ हैं। इस योजना के तहत आवेदन नगर पंचायत, नगर निगम, ग्राम पंचायतों में जमा कराए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत पुरूष वर्ग की उम्र 60 वर्ष से अधिक, महिलाएं 58 वर्ष, दिव्यांगजन 18 वर्ष से अधिक उम्र के होने चाहिए।



फाइल फोटो

#### हर माह रामलला के दर्शन

प्रदेश सरकार की श्री रामलला दर्शन योजना को भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस योजना के तहत हर माह जिले से 133 तीर्थयात्रियों को दर्शन के लिए अयोध्या धाम ले जाया जाता है। इस माह भी 8 अप्रैल को तीर्थयात्री सरकारी खर्चे पर अध्योध्या रवाना हुए हैं। इस वर्ष यह चौथी यात्रा थी। आगामी माह में श्री रामलला के दर्शन के लिए जत्था तैयार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अब 20 अप्रैल से 15 जून तक रहेगा स्कूलों में अवकाश

**धमतरी।** प्रदेश में बढ़ती भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में आंशिक संशोधन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बढ़ती भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी है। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित ग्रीष्मकालीन अवकाश को पहले लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि इस भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत सुरक्षित रह सके। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में दिनांक 1 मई से 15 जून तक घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में संशोधन करते हुए अब 20 अप्रैल से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय शालाओं पर लागू होगा।

### प्रधानपाठकों को जनगणना कार्य से मुक्त रखने की मांग



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूषण चन्द्राकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि जनगणना 2026-27 के लिए प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकांश शालाओं में पर्याप्त शिक्षकों के बावजूद संस्था प्रमुख प्रधानपाठकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। संस्था प्रमुख प्रधानपाठकों को विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करना होता है। अतः जनगणना कार्य में संस्था प्रमुख तथा प्रधानपाठकों को मुख्त रखा जाए। सोमवार को अक्षय तृतीया के दिन भी जनगणना प्रशिक्षण रखा गया है। अक्षय तृतीया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग की है। भीषण गर्मी में प्रशिक्षणकर्मियों के लिए समुचित व्यवस्था, कर्मचारियों की ड्यूटी उनके कार्य क्षेत्र में लगाने की मांग की है।

### पीएमश्री विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नगरी।** विकासखंड नगरी स्थित पीएमश्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार 31 मई 2026 तक अभ्यर्थियों की आयु 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### वीबी जी-राम-जी योजना नहीं उतर पाई है जमीन पर

## फिलहाल चलेगा मनरेगा होंगे जल संरक्षण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वीबी जी-राम-जी योजना के तहत अब तक प्लानिंग नहीं की गई है। उधर लगातार ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की डिमांड आ रही है। स्थिति को देखते हुए मनरेगा को जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जल संरक्षण, आंबा निर्माण सहित पुराने कार्यों को इस साल कम्पलीट किया जाएगा।

मनरेगा योजना को रिप्लेस करके केंद्र सरकार ने विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी योजना लांच की है। यह एक नया कानून है जो ग्रामीण परिवारों को सालाना 100 की जगह 125 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य रोजगार के साथ-साथ टिकाऊ ग्रामीण संपत्ति बनाना है। विडंबना यह है कि इस योजना के तहत अब तक पूरी प्लानिंग तैयार नहीं हो पाई है। गांवों में काम के लिए कोई खास रूपरेखा नहीं बनी है। ऐसे में यह योजना धरातल पर नहीं आ पाई है। उधर ग्रामीण क्षेत्र से काम की डिमांड आ रही है, जिसे देखते हुए मनरेगा को फिलहाल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार अभी मनरेगा के तहत जल संरक्षण, आंगनबाड़ी निर्माण, पुराने बचे 1500 कार्य और 140000 आवास निर्माण का कार्य किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि अगले सत्र से वीबी जी-राम-जी योजना धरातल पर दिखेगी।



फाइल फोटो

#### 35 करोड़ रुपए का पेमेंट बाकी

मनरेगा को जारी रखने का निर्णय तो लिया गया है, लेकिन अब तक इस योजना के तहत पुराने भुगतान को क्लीयर नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार जनवरी माह से मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है। करीब 30 करोड़ की मजदूरी और करीब 5 करोड़ रुपए की सामग्री भुगतान रूका हुआ है। यही नहीं मनरेगा कर्मचारियों को वेतन भी जारी नहीं किया गया है।

## 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का आरोपी रायपुर से गिरफ्तार, 2 महीने से था फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मानवता को शर्मसार करने वाले एक गंभीर मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। करीब दो माह पूर्व एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ हुए दुष्कर्म की घटना का मुख्य आरोपी सूर्या सिसोदिया अंततः पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। कुरुद पुलिस ने आरोपी को रायपुर में घेराबंदी कर पकड़ने में कामयाबी हासिल की, जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसा यह घृणित वारदात 17 फरवरी 2026 को घटित हुई थी। घटना के तुरंत बाद कुरुद थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और 332(ख) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान दर्ज करने के साथ ही घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया।



वारदात के बाद से ही आरोपी अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। पुलिस की टीमें लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं और मुखबिरों को सक्रिय किया गया था। इसी बीच सूचना मिली कि आरोपी रायपुर में छिपा हुआ है, जिसके बाद कुरुद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी और आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 26 वर्षीय सूर्या सिसोदिया के रूप में हुई है, जो रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झांकी का निवासी है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## आरटीई : एडमिशन को लेकर संशय में पालक

**धमतरी।** आरटीई में लॉटरी निकालना शुरू कर दिया गया है, लेकिन अब तक पात्रता और अपात्रता सूची क्लियर नहीं है। ऐसे में एडमिशन को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। इसे लेकर पालकों की चिंता भी बढ़ गई है। आरटीई दाखिला की उम्मीद में वे अन्य संस्थाओं में एडमिशन के लिए कोशिश भी नहीं कर पा रहे हैं।

शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए आरटीई एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस साल रिक्त करीब 450 सीटों पर 1260 आवेदन मिले हैं। विडंबना यह है कि एडमिशन पुख्ता करने के लिए पालकों ने एक नहीं कई आवेदन जमा किए है। अलग-अलग स्कूलों में एडमिशन के लिए एक ही बच्चे के कई आवेदन मिले हैं। अब तक डुप्लीकेट आवेदनों की पहचान नहीं की गई है। स्थिति यह है कि स्कूलों में 2400 आवेदन दिखा रहे हैं। जबकि पोर्टल में 1260। वास्तविक में पात्र छात्रों की सूची अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। उधर आरटीई के शेड्यूल के अनुसार स्कूलों में लॉटरी निकालकर सिलेक्शन की प्रक्रिया शुरू दी गई है, लेकिन पात्रता सूची स्पष्ट नहीं होने के कारण एडमिशन अभी नहीं हो पा रहा है।

- इस साल रिक्त करीब 450 सीटों पर 1260 आवेदन मिले

## सड़क हादसे में बाइक सवार सहित तीन लोग घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- टिकरापारा चौक की घटना

बुधवार की रात्रि तेज रफ्तार बाइक ने राहगीर को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय टिकरापारा निवासी शंकर नेताम पिता विश्वनाथ उम्र 42 वर्ष बुधवार की रात्रि पैदल जा रहा था। इसी दौरान शिवा यादव पिता विष्णु उम्र 29 वर्ष ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी गांव के दुष्यंत यादव पिता अर्जुनी उम्र 22 वर्ष के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 6561 से रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान टिकरापारा चौक के पास पैदल जा रहे शंकर नेताम को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। बाइक की टक्कर से राहगीर युवक सड़क पर दूर फेंका गया। वहीं दोनों युवक भी बाइक सहित सड़क पर गिर गए।

इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आटो की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के लोगों द्वारा सूचना देने पर वरदान परमार्थ संस्था के शिवा प्रधान एंबुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और दो घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- कलारतराई में भटक रही थी महिला

एक अर्धविक्षिप्त महिला को उपचार के लिये मनोरोग अस्पताल सेन्द्री पहुंचाकर पुलिस ने मानवीय पहल कर संवेदनशीलता दिखाई है।

अर्जुनी पुलिस को बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कलारतराई में एक महिला भटकती हुई मिली। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम सुनीता उम्र 42-45 वर्ष बताया लेकिन उक्त महिला अपने पिता, पति या निवास के संबंध में कोई भी जानकारी देने में असमर्थ रही। महिला की मानसिक स्थिति असामान्य होने तथा असहाय अवस्था को देखते हुए उसे सुरक्षार्थ सखी सेन्टर धमतरी को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा ऐसे असहाय एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए तत्काल आवश्यक सहायता एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया था। महिला के स्वास्थ्य एवं मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसे जांच के लिये जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत उसकी मानसिक स्थिति को गंभीर मानते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है।



### जिले में अब 96 समितियां होंगी संचालित

## किसानों को बड़ी राहत, 22 सहकारी समितियों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति की लंबे समय से हो रही मांग पूरी हो गई है। 15 अप्रैल को 22 नई प्राथमिक कृषि साख समिति का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल शुभारंभ किया है। अब जिले में 96 समितियों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि कृषि प्रधान धमतरी के किसान लंबे समय से सहकारी समितियों के विस्तार की मांग करते आ रहे थे। किसान संघर्ष समिति मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने बताया कि बुधवार का दिन किसानों के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का रहा है। इसके लिए किसानों ने खूब तपस्या की है। दिन और रात में बैठकें, शासकीय कार्यालयों का घेराव, चक्काजाम सहित कई आंदोलन के बाद मूलगांव को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बनाया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन से यह समिति किसानों को प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मूलगांव में समिति बनने पर उन्होंने मुख्यमंत्री तथा जिला प्रशासन के मुखिया को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मूलगांव प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं कृषि सभापति टीकाराम कंवर ने कहा कि समिति किसानों को आर्थिक सहायता, उचित ब्याजदर पर ऋण, बीज, खाद, कृषि उपकरणों को उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन साहू ने समिति की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।



#### चार ब्लाक में 22 नई समिति बनी

सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 74 समितियां संचालित थीं। 22 नई समिति बनने से अब कुल 96 समिति जिले में कार्यरत हो गई है। नगरी ब्लाक में 7 नई प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति का शुभारंभ हो गया है। इसी तरह मगरलोड ब्लाक में 4, धमतरी में 5 तथा कुरूद में 6 नई समिति बनाई गई है।

#### अपनी उपज बेचने भटकना नहीं पड़गा

समिति बनने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबी दूरी का सफर नहीं करना पड़ेगा। समय पर खाद, बीज और ऋण मिलेगा। कृषि उपकरण, भीड़ भाड़ से राहत, कर्ज आसानी से मिलेगा। कृषि दवाइयां, शासन की योजनाओं का तुरंत लाभ, आपदा में सही समय पर सहायता मिलेगी। समिति में लोक सेवा केंद्र के साथ शासन की विभिन्न 22 प्रकार की योजनाओं का लाभ किसानों को मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### दैवेभो कर्मचारी फेडरेशन 1 मई को वित्तमंत्री कार्यालय घेरेगा







**डांडेसरा(धमतरी)।** नियमितीकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर छग दैवेभो कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य 1 मई मजदूर दिवस पर रायगढ़ स्थित वित्तमंत्री कार्यालय का घेराव करेंगे। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी फेडरेशन के संयोजक रामकुमार सिन्हा, धमतरी जिला प्रभारी अध्यक्ष डगेश्वर पटेल, स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने दैविक वेतनभोगी कर्मचारी, कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा एन्ट्री आपरेटर, कार्यालय सहायक, वाहन चालक, सुरक्षा श्रमिक, दैनिक श्रमिक, तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, स्कूल सफाई कर्मचारियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**नगरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस भानेन्द्र सिंह ठाकुर, अंजोर निषाद, महामंत्री आसिफ खान, भरत लहरे, बीरेंद्र निर्मलकर, रुपेश साहू,, हरीश साहू, तामेश्वरी साहू, अकरम खान, भरत साहू, खिंजन कश्यप सहित कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. अम्बेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सभी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर का संदेश किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें मिलकर ऐसा समाज बनाना होगा, जहां परस्पर सम्मान, सहयोग और सशक्तिकरण का वातावरण हो। डॉ. अम्बेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि सकारात्मक परिवर्तन संवाद, सहभागिता और सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

# डूबान के लिंक कोर्ट में राजस्व मामलों का हो रहा त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ एवं डुबान प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में किया जा रहा नवाचार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी में आयोजित लिंक कोर्ट के माध्यम से अनेक राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों को तत्काल राहत मिली।

लिंक कोर्ट की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन लेकर पहुंचे। पीठासीन अधिकारी द्वारा संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ प्रकरणों की सुनवाई करते हुए त्रुटि सुधार से संबंधित 3 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। फौती नामांतरण के 02, क्रय-विक्रय आधारित नामांतरण के 2, भूमि सीमांकन का 1 तथा खाता विभाजन का 1 नवीन आवेदन प्राप्त हुआ। आज की कार्रवाई की विशेष उपलब्धि एक जटिल एवं विवादित नामांतरण प्रकरण का स्थानीय स्तर पर समाधान रहा। इस प्रकरण में संबंधित सभी 12 हितबद्ध पक्षकारों के बयान मौके पर ही दर्ज किए गए, जिससे लंबित प्रक्रिया को गति मिली और अनावश्यक विलंब की स्थिति समाप्त हुई।

### हर गुरुवार को अकलाडोंगरी तथा हर शुक्रवार को बोराई में लिंक कोर्ट लग रहा

#### समय एवं धन दोनों की बचत

लिंक कोर्ट के आयोजन से ग्रामीणों को अनेक स्तरों पर लाभ प्राप्त हो रहा है। पूर्व में जहां ऐसे मामलों के लिए तहसील मुख्यालय तक जाना आवश्यक होता था, वहीं अब ग्राम स्तर पर ही सुनवाई होने से समय एवं धन दोनों की बचत हो रही है। साथ ही, स्थानीय स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हो रहा है।



#### राजस्व सेवाएं सुलभ हो

जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राजस्व सेवाएं जन-जन तक सरल, सुलभ एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचें। इसी क्रम में प्रत्येक गुरुवार को अकलाडोंगरी तथा प्रत्येक शुक्रवार को बोराई में नियमित रूप से लिंक कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को उनके निकट ही शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके।

### शिक्षकों ने 21 अप्रैल को कार्यालय घेराव की दी चेतावनी

# प्रभारी बीईओ को हटाने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



विकासखंड कुरुद में प्रभारी बीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर शिक्षक समुदाय में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सर्व शैक्षिक संघ ब्लॉक कुरुद एवं कर्मचारी फेडरेशन ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया है कि शिक्षकों को नोटिस के नाम पर लगातार परेशान और हतोत्साहित किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

संघ पदाधिकारियों के अनुसार, एक दिवसीय अवकाश लेने वाले शिक्षकों को भी नोटिस जारी किया जा रहा है तथा व्यक्तिगत नोटिस को सोशल ग्रुप में वायरल किया जा रहा है। इसके अलावा बिना संबंधित प्रधानाध्यापक से जानकारी लिए शिक्षकों को रास्ते में रोककर नोटिस देना, परीक्षा का हवाला देकर आकस्मिक अवकाश को पूर्व स्वीकृति से जोड़ना, अत्यावश्यक स्थिति में भी अवकाश नहीं देना तथा आवेदन स्वीकार न करना जैसे आरोप लगाए गए हैं। संघ का कहना है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली केवल कुरुद ब्लॉक में देखने को मिल रही है।

इस मुद्दे को लेकर संघ ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद, कलेक्टर धमतरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। आवश्यकता पड़ने पर शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री तक मामला ले जाने की भी चेतावनी दी गई है। पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में भी बीईओ को हटाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

संघ के संरक्षक देवेन्द्र कुमार दादर, संयोजक अशोक कुमार निर्मालकर, योगेन्द्र चंद्राकर, हुमन चंद्राकर, हुलेश चंद्राकर, लुकेश साहू, चैन सिंह साहू, फालेश्वर कुर्रे, भावना श्रीवास्तव, शिप्रा कन्नौजे, चेतन साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि 20 अप्रैल तक प्रभारी बीईओ को नहीं हटाया गया, तो 21 अप्रैल को बीईओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### सेनचुवा में अंबेडकर जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम सेनचुवा में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। गोंड समाज सेनचुवा के अध्यक्ष सोहन मंडावी, टिकेश्वर मंडावी, पुर्वेश मंडावी, धन्नू, बसंत पदाम ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर टोकेश्वर नेताम ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई महापुरुषों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एक बड़ा नाम है, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। वे एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे।

# जुनवानी में तेजी से बदल रही तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम जुनवानी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि हमारी राजनीति का मूल उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा, विकास और जनकल्याण है। गांव का हर बच्चा बेहतर सुविधा पाए, हर नागरिक सम्मान के साथ आगे बढ़े , यही हमारा संकल्प है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ रहा है, जहां हर गांव, हर वार्ड और हर परिवार तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। भाजपा की सरकार विकास, विश्वास और परिणाम की राजनीति पर काम कर रही है। शिक्षा, आधारभूत संरचना और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हो रहे ये कार्य आने वाले समय में जुनवानी को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ज्ञानीराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि अमन राव, कालीदास सिन्हा, श्रीमती फागेश्वरी साहू, मुरारी यदु, श्रीमती देवराज यादव, ईशु राम साहू, लक्ष्मण सिंह सोनवानी, चौथराम साहू ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

मौके पर सुरजन यादव, गौतम यादव, डोमार सिंह साहू, राजेश यादव, आसकरण साहू, श्रीमती दामिनी मानिकपुरी, श्रीमती सुशीला साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# विगत वर्ष मेरिट में आए छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

- प्रोविडेंस हाईस्कूल ने 29वां वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी ने अपना 29 वां वार्षिक उत्सव मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा थीं। अध्यक्षता प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा ने की। विशेष अतिथि बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नपं, श्रीमती मिक्की गुप्ता पार्षद, मदन पटेल, नंदकुमार प्रजापति, सुखराम सिन्हा पूर्व प्राचार्य प्रोविडेंस नगरी, भानेंद्र ठाकुर, निकेश ठाकुर, सुमन गुप्ता, कमलेश यदु, जीवन नाहटा ,कुलदीप साहू, अशोक संचेती, अभिनव अवस्थी, अनिरुद्ध साहू थे।

संस्था प्रमुख विकल गुप्ता, प्राचार्य श्रीमती सुनीता कश्यप एवं वरिष्ठ शिक्षिका बनमाला साहू, हेमराज हिरवानी, कोशिश निर्मलकर ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था प्रमुख श्री गुप्ता ने कहा कि नगरी में कम शैक्षणिक शुल्क पर अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा देना हमारा प्रथम उद्देश्य है। यह सिलसिला विगत 29 वर्षों से जारी है। विगत 27 वर्षों से लगातार कार्यरत शिक्षिका श्रीमती बनमाला साहू एवं प्रयास रायपुर में चयनित छात्र प्रयाग साहू पिता नरेंद्र साहू का सम्मान मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम ने किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका ने कहा कि विगत 29 वर्षों से यह संस्था कम शैक्षणिक शुल्क में शिक्षा दे रही है। प्रकाश बैस ने संस्था के उद्देश्य की सराहना की। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। आगे कहा कि नगर के विकास में राशि की कमी नहीं होगी। विगत वर्ष मेरिट में आए हुए छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। मंच संचालन श्रीमती सुमन गुप्ता ने किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम : सशक्त नारी-सशक्त भारत की दिशा में ठोस कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- महिला जनप्रतिनिधियों ने जताई नेतृत्व विस्तार की उम्मीद



ज्योति चंद्राकर



गीतेश्वरी साहू

केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को लेकर कुरुद क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह कानून केवल एक संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि देश की राजनीति में संरचनात्मक बदलाव की शुरुआत हो सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने इस अधिनियम के दूरगामी प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इसे महिला नेतृत्व के विस्तार का आधार बताया।

मोदी सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को केवल योजनाओं के लाभार्थी तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि उन्हें नीति निर्माण की निर्णायक भूमिका में स्थापित करेगा। उनका मानना है कि दशकों से लंबित यह पहल अब लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में ठोस कदम साबित हो सकती है।

स्थानीय निकायों के अनुभवों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण पहले से लागू है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण और शहरी स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ी है। यही मॉडल अब राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावी हो सकता है।

यदि यह व्यवस्था 2029 के चुनावों तक लागू होती है, तो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल सकती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मुद्दों को नीति निर्धारण में अधिक प्राथमिकता मिलने की संभावना है। यह कानून महिलाओं की राजनीतिक पहचान को मजबूत कर उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को नई ऊर्जा देगा। इस पहल को सशक्त नारी-सशक्त भारत की दिशा में एक ठोस और प्रभावी कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में राजनीति की तस्वीर बदल सकता है।

# कौशल प्रसाद को गायत्री शक्तिपीठ ने किया सम्मानित



**नगरी।** विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कौशल प्रसाद साहू प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 26 में परीक्षा संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एचआर साहू ,रामकुमार साहू, जितेंद्र कुमार साहू, दीपिका साहू, लता साहू, पार्वती निषाद सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने शंकरदाह एवं मरादेव में ग्रामीणों से किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गांव चलो, बस्ती चलो महाभियान के तहत ग्राम शंकरदाह एवं गंगरेल मरादेव में जनसंपर्क एवं जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घर-घर संपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया। अभियान की प्रभारी प्रियंका सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान इसी सोच का प्रतीक है, जिसके माध्यम से पार्टी सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और प्रदेश में भी सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। मौके पर दिलीप सेन, सत्यप्रभा साहू, राजीव सिन्हा, अशोक साहू, हेमंत साहू, विश्राम साहू, अर्जुन साहू, रामनारायण साहू, रूपाली ध्रुव, निप्पी सिंह, शीला, राजकुमार ध्रुव, लता मंडावी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसानों को अब अपनी आवश्यकताओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा : कंवर

# मूलगांव में नवीन सोसाइटी का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





नवीन सोसायटी मूलगांव का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। किसान संघर्ष समिति मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने बताया कि किसानों की तपस्या, दिन रात चली बैठकें, कई आंदोलन, शासकीय कार्यालयों का घेराव, चक्काजाम जैसे संकल्प से मूलगांव को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बनाया गया है । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से यह समिति किसानों की प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन साहू ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत कृषि सभापति टीआर कंवर ने कहा कि यह समिति किसानों को आर्थिक सहायता, बिना ब्याज पर ऋण, बीज, खाद और कृषि उपकरण उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। किसानों को अपनी आवश्यकताओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि मूलगांव में ही उन्हें सारी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

अति विशिष्ट अतिथि सरपंच बिरझुली पुष्पलता रामायण सिन्हा व विशिष्ट अतिथि प्राधिकृत अधिकारी समिति सिंगपुर राधेलाल सिन्हा, पठार सरपंच दुलार सिंह गनियार, खड़मा सरपंच नंदकुमार ध्रुव, जनपद सदस्य कुमारी कश्यप, गजेंद्र दीवान, रामजी नेताम, चित्रसेन प्रजापति, ललित मरकाम, सुरेश मरकाम, विशाल सिंह, विष्णुराम सिंह, भारत दीवान, नारद साहू समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। आभार प्रकट नवीन सोसायटी प्रबंधक परमेश्वर गजेंद्र ने किया।

# सहकारी साख समितियों से किसानों को होगा सीधा लाभ : वीरेंद्र

- मगरलोड जनपद क्षेत्र में चार नवीन कृषि सहकारी साख समिति का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



नवागांव में कृषि सहकारी साख समिति का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से पूरे प्रदेश में नवीन कृषि सहकारी साख समितियों का उद्घाटन किया गया।

मगरलोड जनपद क्षेत्र में चार नवीन कृषि सहकारी साख समिति राजपुर, छोटी करेली, मुलगांव एवं नवागांव का शुभारंभ किया गया। इससे क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

नवागांव में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता एके मिश्रा ने की। विशेष अतिथि रामआसरु साहू, रोहन तेलासी, देवशरण तेलासी, मोहन साहू, सुरेश चेलक, नाथु राम साहू, परमेश्वर निर्मलकर सुपरवाइजर एवं बालेश्वर साहू व्यवस्थापक थे।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि सहकारी साख समितियां किसानों के लिए आर्थिक आधार स्तंभ का कार्य करती हैं। इनके माध्यम से किसानों को सस्ती दर पर ऋण, उन्नत बीज, खाद एवं कृषि संबंधी अन्य सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसान हितैषी योजनाओं को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मौके पर अनेक किसान मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए 4 मई से विशेष प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जून 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास आयोजित की जा रही है। यह विशेष प्रशिक्षण 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। इस वर्ष बस्तर जिले से कुल 620 अभ्यर्थियों ने थल सेना की वेबसाइट पर अपना सफल पंजीकरण कराया है। उपसंचालक रोजगार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोचिंग के माध्यम से युवाओं की सफलता दर बढ़ाने और उन्हें राष्ट्र सेवा के मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख को जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं उच्चतर के आवेदन की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### समझौता योग्य प्रकरणों के त्वरित निपटारे पर जोर

**कांकेर।** वर्ष 2026 की 9 मई को आयोजित होने वाली द्वितीय नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय कांकेर में अधिवक्ता संघ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार टामक द्वारा की गई। उक्त बैठक में राजीनामा एवं समझौते योग्य लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिकतम संख्या में निराकृत किए जाने पर विशेष बल दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अव्हान किया कि अपने पक्षकारों को समझाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों को समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर भास्कर मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शांति प्रभु जैन एवं अधिवक्ता संघ कांकेर के अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

### दूसरे दिन एप संचालन की दी गई जानकारी

**दुर्गूकोंदल।** तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है। दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को घर चलो एप सहित अन्य संबंधित डिजिटल एप्स के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से लॉगिन प्रक्रिया, यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से अकाउंट को सक्रिय करने की विधि तथा डेटा एंट्री के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया गया। विशेष रूप से 34 कॉलम वाले प्रारूप को किस प्रकार निर्धारित विकल्पों के आधार पर भरना है।

# सड़क निर्माण में पेड़ों की कटाई पर दस गुना अधिक पौधरोपण होगा

- रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक तथा सिहावा चौक से कोलियारी तक 9.4 किमी सड़क बनेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक 4.4 किलोमीटर तथा सिहावा चौक से कोलियारी तक 5 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने सड़क निर्माण को आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त स्वरूप में विकसित करने के निर्देश देते हुए डिवाइडर, समुचित स्ट्रीट लाइट, पाथवे (फुटपाथ) तथा कवर्ड नाली को अनिवार्य रूप से शामिल करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में यदि पेड़ों की कटाई आवश्यक हो, तो उसके बदले कम से कम दस गुना अधिक पौधारोपण किया जाए तथा उनके संरक्षण की ठोस व्यवस्था की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्माण में बाधा बन रहे पोलों के त्वरित शिफ्टिंग के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि लगभग 9.4 किलोमीटर लंबाई की इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, जिससे शहर में यातायात सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

कलेक्टर ने कांटातालाब पहुंचकर सौंदर्यीकरण एवं प्रस्तावित चौपाटी निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह स्थल भविष्य में नागरिकों के लिए आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। कलेक्टर ने 500 सीटर नालंदा परिसर के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही नालंदा परिसर से पीजी कॉलेज तक शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर शैक्षणिक एवं युवा उपयोग के लिए संस्थान विकसित करने के निर्देश दिए।

अर्जुनी में प्रस्तावित नए बस स्टैंड निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देने तथा फाउंडेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कार्यों के लिए संशोधित प्राक्कलन तैयार करने को भी कहा। इस दौरान महापौर नगर निगम रामू रोहरा भी मौजूद थे। जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने चेयर, साउंड सिस्टम, लाइटिंग एवं फॉल्स सीलिंग जैसे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर सितंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जालमपुर वार्ड में निर्माणाधीन बॉक्स क्रिकेट मैदान एवं मकई गार्डन का निरीक्षण कर उन्होंने कार्यों को शीघ्र प्रारंभ एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। गार्डन के मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए।

**कलेक्टर ने फोरलेन सड़क सहित विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण**



## एनआईटी रायपुर, जिला प्रशासन एवं बीआरपी पॉलीटेक्निक के बीच एमओयू

# 36 माह में 300 ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की गई। कलेक्टोरेट परिसर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर, जिला प्रशासन धमतरी एवं बीआरपी शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज धमतरी के मध्य स्त्री (महिलाओं के आर्थिक विकास को सशक्त बनाने हेतु तकनीकी संसाधनों के माध्यम से कौशल विकास) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमणा राव, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा बीआरपी पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने संयुक्त रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, सहायक प्राध्यापक अनुज कुमार शुक्ला, असिस्टेंट रजिस्ट्रार पवन कटारिया, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित जिले के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, प्राध्यापक उपस्थित थे।

यह परियोजना डीएसआईआर (वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के टीडीयूपीडब्ल्यू-ए2 के+ कार्यक्रम अंतर्गत लगभग 90 लाख की वित्तीय सहायता से संचालित होगी। 36 माह की अवधि में यह पहल धमतरी जिले की 300 ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी। परियोजना अंतर्गत महिलाओं को कोसा रेशम (कोकून) प्रसंस्करण, फाइबर निष्कर्षण, आधुनिक बुनाई तकनीक, उत्पाद डिज़ाइन, उद्यमिता विकास एवं बाजार से जोड़ने (मार्केट लिंकेज) जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विशेष रूप से वंचित, आदिवासी एवं कृषि-आधारित समुदायों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं मूल्य संवर्धन सुनिश्चित हो सके।

### महिलाओं की आय में होगी वृद्धि

यह पहल 4 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में डीएसआईआर के साथ हुए पूर्व समझौते का विस्तार है, जो शैक्षणिक संस्थानों, प्रशासन एवं स्थानीय स्तर पर समन्वित विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि धमतरी जिले में हैंडलूम एवं कृषि आधारित आजीविका की अपार संभावनाएं हैं। स्त्री परियोजना के माध्यम से वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग से स्थानीय कौशल को निखारने का कार्य किया जाएगा। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ-साथ उनका सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा।

### विकास की दिशा में मजबूत कदम

एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने कहा कि यह साझेदारी समावेशी नवाचार एवं जमीनी स्तर पर विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। स्त्री परियोजना के माध्यम से महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित किए जाएंगे तथा महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा दिया जाएगा। समारोह में एनआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक एवं परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. अनुज कुमार शुक्ला तथा इंक्यूबेशन से जुड़े अधिकारी पवन कटारिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# व्यापारियों को मिली जीएसटी की जानकारी



- नपा परिषद के सभाहॉल में जीएसटी पर हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पालिका परिषद के सभाहॉल में सोमवार को जीएसटी संबंधी जागरूकता बढ़ाने एवं करदाताओं की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से सेमिनार आयोजित किया गया। सहायक आयुक्त जीएसटी धमतरी के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में नवा रायपुर संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी के प्रावधानों और अनुपालन की जानकारी दी।

सेमिनार में नवा रायपुर संभाग के डिप्टी कमिश्नर प्रकाश गुप्ता और आलोक जायसवाल, सहायक आयुक्त अहिल्या शुक्ला तथा जीएसटी अधिकारी संगीता गजेन्द्र ने करदाताओं को संबोधित किया। अधिकारियों ने बताया कि समय पर रिटर्न फाइलिंग और नियमों का पालन करना व्यवसाय की प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने जीएसटी से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तरीके से समझाते हुए व्यापारियों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं को जीएसटी से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं से राहत दिलाना रहा। सेमिनार के दौरान रिटर्न भरने में आने वाली तकनीकी दिक्कतों पर चर्चा की गई और अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान सुझाए। इस अवसर पर सीए एवं कर सलाहकार अय्यूब खान, सौरभ केला, अभिषेक गोयल और विकास शर्मा ने भी टैक्स प्लानिंग और कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में रवि चंद्राकर, धनेश बैस, खिलेन्द्र चंद्राकर, हरीश केला, गोकुल साहू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# किसानों को अब समय पर खाद, बीज, ऋण मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- राजपुर में हुआ नवीन सोसाइटी का वर्चुअल शुभारंभ

नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित राजपुर का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीआर कंवर सभापति जिला पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार ध्रुव जनपद सभापति सहकारिता, लोमश सिन्हा जनपद सदस्य प्रतिनिधि, जनक लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी मोहंदी सोसाइटी, हरि विनायक सिन्हा सरपंच सरगी, शत्रुघ्न साहू प्राधिकृत अधिकारी भोथीडीह सोसाइटी, मुरली सिन्हा मंडल महामंत्री, डामेश्वर सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी बोरसी थे।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री यदु ने कहा कि राजपुर में नवीन सोसाइटी गठन से किसानों को समय पर खाद ,बीज ,ऋण तथा धान बिक्री कार्य में सरलता होगी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने उद्देश्य से बिना ब्याज की ऋण योजना प्रारंभ की थ्सी। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि राजपुर नवीन सोसाइटी के गठन से ग्राम राजपुर, सरगी, केवराडीह, धनबुड़ा लाभान्वित होंगे।

किसान फ़ग्गू राम यादव, गीता राम सिन्हा, डॉ हरि विनायक सिन्हा सरपंच सरगी, मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, लोमश सिन्हा जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान पंच गुरुदयाल पटेल, तामेश्वर साहू, मिलन निराले, पुरुषोत्तम सिन्हा, रेखराम ध्रुव, खूबलाल साहू,पन्ना साहू, ब्रांच मैनेजर सीबी साहू, समिति प्रबंधक गोपाल साहू, राजेन्द्र निषाद, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू, लोकू साहू, फागू मंडावी, सेवक साहू कमल यादव, शेखन यादव, राकेश निषाद उपस्थित थे।

# शिक्षा और संविधान के पालन पर दिया जोर





- बजरंग चौक में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारत के संविधान निर्माता एवं भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बजरंग चौक में मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंभु कुमार सिंह (नेशनल दस्तक नई दिल्ली) थे। साथ ही पूर्व विधायक सिहावा लक्ष्मी ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम (संरक्षक, गोंड समाज नगरी), राजेश आनंद तलेवार, मनोज साझी, मिताप साहू (सरपंच संघ अध्यक्ष), उमेश देव, रेन लाल देव, दशरथ नेताम, अनित धुव, नारायण कुंजाम, बुधराम नेताम, अजय धुव ,रूमलाल नेताम, चंन्द कुमार नेताम ,कन्हैया लाल ,अब्दुल वहीद खान, कवल सिंह साहू, दनदयाल, दयाराम मरकाम, कैलाश प्रजापति, विष्णु टंडन, वामदेव कोशल, बंशीलाल, अय्यूब भाई एवं फारुख खान थे।

मुख्य अतिथि शंभु कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब तक गांव-गांव में शिक्षा, रोजगार और जागरूकता नहीं पहुंचेगी, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच अपनाने का आह्वान किया। आगे कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है।

पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने पर बल दिया। अन्य वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

# कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन भाजपा मंडल गंगरेल द्वारा किया गया। भाजपा मंडल गंगरेल की अध्यक्ष मोनिका देवांगन के नेतृत्व में यह अभियान योजनाबद्ध रूप से संचालित हुआ, जिसमें मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

सेवा पखवाड़ा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संपर्क किया गया। इस दौरान हितग्राहियों से संवाद स्थापित कर योजनाओं के लाभ, उनकी वर्तमान स्थिति एवं क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके समाधान हेतु आवश्यक पहल की गई।

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम, हितग्राही संपर्क अभियान एवं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती पर मंडल के विभिन्न स्थानों पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण एवं विचार गोष्ठी भी हुई। इस अवसर पर मोनिका देवांगन ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के माध्यम से पार्टी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य किया है।

### भैंसमुंडी में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**सिर्री।** सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम भैंसमुंडी में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया गया।

### आम फलबहार की पुनः नीलामी 20 को

**धमतरी।** सहायक संचालक उद्यान जिला धमतरी के अधीन शासकीय उद्यान रोपणी बिन्द्रानवागांव में 15 अप्रैल को आयोजित आम फलबहार की नीलामी को निरस्त कर दिया गया है। नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले बोलीकर्ता द्वारा निर्धारित नियम अनुसार 50 प्रतिशत राशि जमा नहीं किए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया। अब आम मातृवृक्षों में लगे आम फलों की पुनः नीलामी 20 अप्रैल सोमवार को दोपहर 2:30 बजे शासकीय उद्यान रोपणी बिन्द्रानवागांव विकासखंड धमतरी में आयोजित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं को अमानत राशि के रूप में 5000 रुपये रोपणी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सर्वाधिक बोली लगाने वाले मान्य बोलीकर्ता को नीलामी स्थल पर ही तत्काल 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, अन्यथा नीलामी नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गुरुदेव बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के उपाध्यक्ष

**सिर्री।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत ग्राम चरमुड़िया निवासी गुरुदेव महिपाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों में हर्ष है। मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। महिपाल लंबे समय से कांग्रेस पार्टी हेतु समर्पित रहे हैं। उन्होंने अपने पद एवं जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन करने की बात कही। पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### भीषण गर्मी में यात्रियों को मिल रही राहत

# आपरेटरों ने बस स्टैंड में छाछ-मठा सेवा शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



तेज गर्मी के बीच शहर के बस स्टैंड में यात्रियों और राहगीरों को राहत देने के लिए इस वर्ष भी बस संचालकों द्वारा नमकीन मठा और मीठे छाछ का निःशुल्क वितरण शुरू किया गया है। इस सेवा का शुभारंभ नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस तरह की सेवा लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होती है और यह समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधि महावीर गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा हर साल लगभग दो महीने तक यह सेवा निरंतर जारी रखी जाती है। इस वर्ष भी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बस स्टैंड में आने वाले यात्रियों, राहगीरों और जरूरतमंदों को मुफ्त छाछ उपलब्ध कराया जा रहा है।

भीषण गर्मी में ठंडे छाछ और मठा की यह व्यवस्था लोगों के लिए राहत का साधन बन रही है। बस स्टैंड में आने-जाने वाले लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया है। संगठन की यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी का बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण से होगा भारत में नए युग का सूत्रपात : कविंद्र



**धमतरी।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने संसद में महिला आरक्षण के संबंध में लाए जा रहे बिलों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे भारत में नए युग का सूत्रपात बताते हुए कहा कि इससे भारत की आधी आबादी में दोगुना आत्मविश्वास आयेगा और भारत की बेटियां भारत मां की ठीक उसी प्रकार सेवा करने में सफल होगी जैसे वो अपनी मां की सेवा करती हैं। श्री जैन ने बताया कि महिलाएं पुरुषों से अधिक सहनशील, सृजनशील और संवेदनशील होती हैं। जैसे - जैसे सरकार में उनकी भागीदारी बढ़ेगी लोकतंत्र अधिक मजबूत और जवाबदेह बनेगा। मोदीजी के इस कदम से राष्ट्र का कल्याण होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को ऐसे सभी विभागों में जहां महिलाएं पुरुषों के साथ समान क्षमता से कार्य कर सकती हैं, वहां सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण मिलना चाहिए और यह काम सिर्फ मोदी सरकार में ही संभव है। आने वाले दिनों में पुरुषों की बराबरी से महिलाओं के हाथ में देश की कमान होगी और नारी अबला से सबला बनेगी। मोदी सरकार के इस कदम से देश की लगभग 70 करोड़ आबादी में गजब का उत्साह देखा जा सकता है।

### सात लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चवेला पटेलपारा में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी 50 वर्षीय प्रेमलाल रावटे पिता स्व. भागीरथी रावटे को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा हाथ भट्टी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 7 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 700 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**कांकेर।** थाना सरोना अंतर्गत मुड़पार निवासी 27 वर्षीय अरूण कुमार मारकण्डे पिता काशीराम मारकण्डे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आया गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान युवक का 3 मार्च को मौत हो गया। थाना रायपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी थाना कांकेर में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 105 विकासपल्ली निवासी निर्मल सिकदार पिता मंगल सिकदार को साप ने काट लिया, जिससे उसका मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन उसका 3 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# गंदे पानी से हरियाली : सीवरेज प्लांट किसानों के लिए बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के मुजगहन स्थित सीवरेज प्लांट अब केवल गंदे पानी के निस्तारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह किसानों के लिए नई उम्मीद और हरियाली का जरिया बनता जा रहा है। निगम उपयुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से बने इस आधुनिक प्लांट में इन दिनों प्रतिदिन लगभग 1.5 से 2 एमएलडी यानी 20 लाख लीटर गंदे पानी को शुद्ध कर उपयोगी बनाया जा रहा है।

नगर निगम के ईई महेंद्र जगत एवं सहायक यंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी कमलेश ठाकुर ने बताया कि प्लांट में आने वाले पानी को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध कर खेतों और तालाबों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल स्रोत भी उपलब्ध हो रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

प्लांट की कुल क्षमता 19.6 एमएलडी है, लेकिन वर्तमान में सीमित मात्रा में पानी ही यहां पहुंच पा रहा है।

**32 करोड़ की परियोजना से जल पुनर्चक्रण में क्रांति, खेतों तक पहुंच रहा शुद्ध पानी**



इसके बावजूद उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए प्लांट पूरी दक्षता के साथ कार्य कर रहा है। भविष्य में पीडी और सोरिद नाला के जुड़ाव के बाद इसकी क्षमता और अधिक बढ़ने की संभावना है। यह योजना शहर में जल प्रबंधन और पुनर्चक्रण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है।

स्थानीय नागरिकों और किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में यह प्रोजेक्ट और अधिक व्यापक लाभ पहुंचाएगा।

## बरसात से पहले एक्शन मोड में नगर पालिक निगम

# नालों की मेगा सफाई से बदलेगी शहर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी बारिश को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शहर को जलभराव से बचाने और स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक हासिल करने के उद्देश्य से नाला-नालियों की युद्धस्तर पर सफाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और निगम अमला लगातार फील्ड में उतरकर बड़े नालों से लेकर छोटी नालियों तक सफाई अभियान चला रहा है।



शहर के प्रमुख नालों पीडी नाला, सोरिद चौक नाला सहित अन्य बड़े नालों में जेसीबी मशीनों के जरिए गाद, कचरा और झाड़-झंखाड़ हटाए जा रहे हैं। सफाई कर्मी सुरक्षा किट पहनकर नालों में उतर रहे हैं, जिससे कार्य तेजी और सुरक्षित ढंग से हो सके। नालों के ऊपर से गुजर रहे पाइप में उगे झाड़ भी हटाए गए हैं, जिससे पानी का प्रवाह बाधित न हो।

नगर निगम ने इस बार समय रहते तैयारी शुरू कर दी है। करीब दो माह पहले ही सफाई अभियान की रणनीति बनाकर उसे जमीन पर उतारा गया। छोटी नालियों का विस्तार कर उन्हें बड़े नालों से जोड़ा जा रहा है, ताकि बारिश का पानी तेजी से निकासी पा सके। सड़क किनारे जमा कचरे को रिक्शा और ट्रैक्टर के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे नालियों में कचरा जाने से रोका जा सके।

हाल ही में पीडी नाला क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर सफाई की गई। जेसीबी से खरपतवार हटाने के साथ ही आसपास के क्षेत्र को भी साफ-सुथरा बनाया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम ने अधिकारियों, सुपरवाइजरों और स्वच्छता दीदियों की बैठक लेकर रणनीति को और मजबूत किया है।

निगम अब कचरा निष्पादन, सेग्रीगेशन और पॉलीथिन प्रतिबंध पर भी फोकस कर रहा है। नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान तेज किए जा रहे हैं, ताकि लोग कचरा वाहन में ही कचरा दें और प्लास्टिक का उपयोग कम करें। शहर के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे धमतरी को स्वच्छ और आकर्षक शहर के रूप में पहचान मिल सके।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि निगम का लक्ष्य केवल सफाई नहीं, बल्कि शहर को जलभराव मुक्त और स्वच्छ बनाना है। सभी टीमों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि नालों की सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है। हर वार्ड में निगरानी बढ़ाई गई है और कर्मचारियों को जवाबदेही सौंपी गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं, जिससे शहर को बेहतर रैंक मिल सके।

स्वास्थ्य सभापति नीलेश लूनिया ने कहा कि सफाई अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। निगम लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। पॉलीथिन पर कार्रवाई और कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता में रखा गया है, जिससे शहर साफ और स्वस्थ बने।

# डीपीएस का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल धमतरी ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल सभी 97 विद्यार्थी सफल रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विषयवार डिस्टिंक्शन में हिंदी में 66, सामाजिक विज्ञान में 55, गणित में 24, विज्ञान में 35, अंग्रेजी में 46 तथा सूचना प्रौद्योगिकी में 77 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता हासिल की।

अक्षय कुमार जैन ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सृजन मिश्रा एवं खुशी लालवानी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान साझा किया। अनुकृति पटेल 94.6 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहीं। वेदिका खंडेलवाल (94 प्रतिशत), सुनिधि ध्रुव (93.6 प्रतिशत), गरिमा पचौरी (92 प्रतिशत), भाव्या चंद्राकर (91.8 प्रतिशत), भाविक चोपड़ा (91.6 प्रतिशत), अदिति बनिक (91.4 प्रतिशत), तनमय पटेल व पर्णल चंद्राकर (90.8 प्रतिशत), ऑस्टिन सेजल टिग्गा, दीपिका साहू एवं अक्षत अग्रवाल (90 प्रतिशत) शामिल हैं।

प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की । उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। निदेशक धीरज अग्रवाल एवं निधि अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।

# पालगांव का जंगल हुआ अतिक्रमण से मुक्त

- 54 अतिक्रमणकारियों ने घर बनाने के साथ खेत भी तैयार कर लिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जंगल को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग ने पालगांव के जंगल में अतिक्रमण करने वाले 54 अतिक्रमणकारियों की झोपड़ियों को ध्वस्त किया। अतिक्रमणकारियों ने घर बनाने के साथ जंगल में खेत भी तैयार कर लिए थे। उन्हें समझाइश दी गई है कि वनभूमि पर कब्जा न करें।

वन मंडल धमतरी ने जंगल को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अभियान छेड़ दिया है। जहां- जहां पर अवैध अतिक्रमण की सूचना आ रही है, विभागीय अमला वहां पहुंचकर कार्रवाई कर रहा है। इसी के तहत दक्षिण सिंगपुर वनपरिक्षेत्र के आरक्षित वनखण्ड 169 पालगांव में गोंदलानाला के कक्ष क्रमांक आरएफ 416, 417 में आसपास के 54 अतिक्रमणकारियों को बेदखल किया गया। अतिक्रमणकारियों ने 116.596 हेक्टेयर वनभूमि पर अवैध रूप से झोपड़ी एवं खेत बनाकर कब्जा कर लिया था। यह कार्रवाई भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 के तहत प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवासराव एवं मणिवासगन एस, मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त के निर्देशन व मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई से पहले उन्हें समझाईश दी गई। उनके खिलाफ बेदखली नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं छोड़ा। डीएफओ जाधव श्रीकृष्ण के नियंत्रण में प्रशिक्षु भारतीय वनसेवा की अधिकारी सुश्री मृगजा जालिंदर यादव वनपरिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण सिंगपुर के नेतृत्व एवं राजस्व तथा पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए वन अमला ने अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई में एसएस नाविक, संयुक्त वनमंडलाधिकारी बिरगुड़ी, मनोज विश्वकर्मा, संयुक्त वनमंडलाधिकारी धमतरी, डिप्टी रेंजर, सीएफओ, बीएफओ, वन चौकीदार एवं वन प्रबंधन समिति पालगांव सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही।



# राहगीरों को पेयजल एवं मठा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा राहगीरों को पेयजल एवं मठा का वितरण किया गया। मौके पर महापौर रामू रोहरा, महेंद्र पंडित, पवन गजपाल, गौरव मगर, विजय मोटवानी, भागवत यादव, नंदू लोधी, प्रकाश लहरे, अज्जू देशलहरे, लक्ष्मण पहलवान समेत अन्य मौजूद थे।



# मेनोनाईट स्कूल का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सी.से. स्कूल में सीबीएसई कक्षा दसवीं के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। प्रथम देव सोनी 84.4 प्रतिशत, द्वितीय यजत साहू 82.4 प्रतिशत, तृतीय अपराजित घोषाल एवं अशगर्फ ख़ान 79.4 प्रतिशत रहे। शाला प्रबंधन समिति एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बंगाली समाज ने मनाया नववर्ष उत्सव



**धमतरी।** बंगाली नववर्ष पोइला बैसाख के अवसर पर बंगाली समाज द्वारा कर्मचारी भवन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष संजय भट्टाचार्य एवं सचिव दिनेश डे ने की। वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मां शारदा बंग महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता नागचौधरी ने बताया कि इस दिन घर-घर पूजा-अर्चना, बड़ों का आशीर्वाद और हालखाता की परंपरा निभाई जाती है। इस अवसर पर सभी नए वस्त्र धारण करते हैं और आपसी स्नेह के साथ वर्ष का स्वागत करते हैं। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती रंजना भट्टाचार्य के निर्देशन में बच्चों और महिलाओं ने गीत-संगीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रविंद्रनाथ टैगोर की नृत्य-नाटिका ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मधुमिता डे, लिपी, दीपा, बनानी, प्रियंका, इशिता डे, नुपुर मुखर्जी, प्रियोम, पीहू, बिथी, इंदु, रचना दास, संपा हाजरा, छाया और मानोव पतिकार सहित अनेक सदस्य शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष देबू पतिकोर, सह सचिव दिनेश विश्वास एवं समाज के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## वनस्पति शास्त्र विभाग में फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता

**कुरुद।** कुरूद स्थित संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसईसी अंतर्गत गार्डनिंग एवं फ्लोरीकल्चर विषय पर प्रायोगिक एवं असाइनमेंट कार्य के रूप में आयोजित हुआ।

## अनन्या अग्रवाल ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए



**धमतरी।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शहर की छात्रा अनन्या अग्रवाल ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर धमतरी का नाम रोशन किया है। वर्तमान में देहरादून के सेलाक्वी इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत अनन्या ने अंग्रेजी व हिंदी में 100-100, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 99 तथा गणित में 95 अंक प्राप्त किए। वे उद्योगपति एवं समाजसेवी श्याम अग्रवाल की पोती तथा विवेक और प्रियंका अग्रवाल की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज धमतरी के अध्यक्ष दयाराम अग्रवाल, माहेश्वरी समाज धमतरी के अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।






## सर्व सेन समाज ने सादगी के साथ मनाई संत शिरोमणि सेनजी की जयंती

# सेनजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चंदापारी सेन समाज भवन आमातालाब रोड श्रीराम नगर में सर्व सेन समाज जिला धमतरी के बैनरतले संत शिरोमणि नंदा सेनजी महाराज की जयंती मनाई गई। बतौर अतिथि पूर्व प्रांताध्यक्ष भूपेंद्र शंकर सेन रायपुर ने कहा कि जिस समाज में धर्म, संस्कृत और संस्कार होता है, वह समाज गतिशील और प्रगतिशील होता है। पदाधिकारी अफवाहों, दुष्प्रचार का परवाह किए बगैर अपने जिम्मेदारी और कर्तव्य का निर्वहन करें। मुख्यातिथि सर्व सेन समाज के रायपुर संभाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास ने कहा कि सर्व सेन समाज जिला धमतरी ने एक संगठित समाज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर महत्व बढ़ा है और यह तभी संभव है जब पदाधिकारी अपनी नीयत और नीति साफ कर ईमानदारी व निष्ठा के साथ समाज को आगे बढ़ाने सेवा करें।



विशिष्ट अतिथि सर्व सेन समाज के संरक्षक मोहित सेन ने कहा कि जिस तरह सेनजी महाराज अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहे, उसी प्रकार हमें भी उनके पथ चिन्हों पर चलकर समाज सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने कहा कि सेनजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात कर समाज विकास में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। पिछले कुछ साल में समाज में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से अन्य समाज, प्रशासनिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सेन समाज का मान बढ़ा है। सेन समाज ने एक संगठित समाज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है।

कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव भगवानी राम शांडिल्य एवं आभार प्रदर्शन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर छग प्रांत नाई सेन समाज के प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल सेन, राधेश्याम सेन, लालाराम भारद्वाज, देबूराम शांडिल्य, कल्याणी कौशिक, उषा कौशिक, शकुंतला सेन, भूखन सेन, तुलसीराम सेन, पवन कौशिक, आनंद शांडिल्य, टिकेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।




